मंगलवार
27 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

अपनी गौरव गाथा को सामने लाकर भारत बनेगा विश्व गुरुः डॉ. महेंद्र 2

दावा... सुशांत राजपूत ने सुसाइड नहीं किया, उनकी हत्या हुई थी

एजेंसी/मुंबई

बिहार के रहनेवाले बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की जून 2020 में मौत हो गई थी। 14 जून 2020 को सुशांत बांद्रा स्थित अपने फ्लैट में मृत पाए गए थे। तब उनकी जो तस्वीरें सामने आई थीं, उन्हें देख दावा किया गया था कि सुशांत ने सुसाइड नहीं किया बल्कि उनकी हत्या हुई है। सुशांत की मौत का रहस्य अब भी बरकरार है। सुशांत की मौत के ढाई साल बाद कूपर हॉस्पिटल के मोर्चरी सर्वेंट रूपकुमार शाह ने चौंकाने वाला दावा किया है। कूपर हॉस्पिटल की जिस मोर्चरी में सुशांत का पोस्टमॉर्टम किया गया था, उसमें काम करने वाले रूपकुमार शाह ने दावा किया है कि सुशांत की हत्या हुई थी। उन्होंने सुसाइड नहीं किया था। शाह के मुताबिक, सुशांत की गर्दन और हाथ-पैर में कुछ अजीब निशान थे, जो सुसाइड के नहीं लग रहे थे।

- 14 जून 2020 को बांद्रा के अपने फ्लैट में मृत पाए गए थे सुशांत
- कूपर हॉस्पिटल के मोर्चरी सर्वेंट रूपकुमार शाह का दावा, सुशांत की गर्दन और हाथ-पैर में कुछ निशान थे, जो सुसाइड के नहीं

सुशांत ने पटना से की थी पढ़ाई

सुशांत सिंह राजपूत फिल्म अभिनेता, थियेटर और टीवी कलाकार थे। उन्होनें सबसे पहले किस देश में है मेरा दिल नामक धारावाहिक में काम किया लेकिन उनको पहचान एकता कपूर के धारावाहिक पवित्र रिश्ता से मिली। इसके बाद उन्हें फिल्मो के प्रस्ताव मिलना शुरू हुए। उनकी पहली फिल्म काय पो छे! थी। सुशांत ने स्कूली शिक्षा पटना के सेंट करेन्स हाई स्कूल से पूरी की थी।

रूपकुमार शाह ने पोस्टमॉर्टम का किस्सा किया शेयर

रूपकुमार शाह ने उस दिन का किस्सा बताया जब सुशांत सिंह राजपूत की बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए कूपर हॉस्पिटल लाया गया था। शाह ने बताया, 'मैं अभी इसलिए बोल रहा हूं क्योंकि मैं 14-15 तारीख को ड्यूटी पर था। मैं काम कर रहा था और उस टाइम एक वीआईपी बॉडी आई थी। हम लोगों ने यह सोचकर अपना काम चालू कर दिया कि कोई तो वीआईपी होगा। उनका नंबर रात में 11-12 बजे आया रात में। उसके बाद बॉडी के कपड़े खोलने के वक्त हमें पता चला कि यह सुशांत सिंह राजपूत की बॉडी है। बॉडी खोलने के बाद देखा तो थोड़ी अलग दिखी। मतलब सुसाइड और बॉडी देखने के बाद हमने जो बातचीत की तो लगा कि यह सुसाइड नहीं है। मैं अपने सीनियर सर से बात करने गया और उनसे कहा कि सर यह तो अलग केस दिख रहा है। तो साहब ने कहा कि हम लोग इस बारे में बाद में डिस्कस करेंगे। तो उन्होंने मुझे इग्नोर किया।

सुशांत की गर्दन, हाथ और पैर में देखे थे निशान

रूपकुमार शाह ने आगे बताया, 'जब मैंने बॉडी देखी तो गले पर जो हैंगिंग का मार्क रहता है, वो सुसाइड जैसा नहीं लग रहा था। वो ऐसा मार्क था जैसे खींचे जाने के बाद कोई तड़पता है और उससे निशान बनता है। इसके अलावा मुझे पैर, हाथ और बॉडी के अलग हिस्सों में निशान दिखे। अब उसे किसी ने कैसे मारा है, यह मैं बता नहीं सकता। लेकिन वो मारना अलग ढंग का था। जब देखा तो वह निशान फ्रैक्चर जैसा था।

सुशांत के लिए जांच एजेंसी बुलाएगी तो जरूर जाऊंगा

रूपकुमार शाह ने कहा कि उन्होंने अपने सीनियर्स से कहा था कि यह हत्या का मामला लग रहा है और हमें सबकुछ नियमों के मुताबिक करना चाहिए। लेकिन उन्होंने कहा कि जल्दी से सिर्फ तस्वीरें खींचो और पुलिस को दे दो। शाह ने कहा कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया भी रिकॉर्ड करने की जरूरत थी। लेकिन वह नहीं की गई। रूपकुमार शाह ने कहा कि सुशांत को न्याय मिलना चाहिए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में क्या लिखना है और क्या नहीं, यह डॉक्टर का काम है। वह बोले, 'हर कोई सुशांत की तस्वीरें देखकर आसानी से बता सकता है कि उनका मर्डर किया गया था। अगर जांच एजेंसी मुझे बुलाएगी तो जरूर जाऊंगा, मैं उन्हें भी यही बात बताऊंगा।

भाजपा के लोग ही कर रहे शराब का कारोबार : गौतम

सासाराम। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने शराबबंदी को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। कहा है कि भाजपा के लोग ही शराब का कारोबार कर रहे हैं। क्योंकि ज्यादातर व्यवसाई वर्ग के लोग भाजपा में ही है, जो शराब का बिजनेस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जांच हो रही है कि जब जब सदन चलती है, ठीक उसी समय बिहार में जहरीली शराब का कांड होता है। इसके पीछे कहीं न कहीं भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष विजय चौधरी के रिश्तेदार के यहां भी शराब पकड़ा गया। इससे साबित होता है कि भाजपा के लोग शराबबंदी को असफल करने के प्रयास में लगे हैं तथा सरकार को बदनाम करने के लिए ही यह सब किया जा रहा है।

कोरोनाः केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने देश के 100 डॉक्टरों से की बात, किया आग्रह

सही जानकारी शेयर करें ताकि अफवाहों, डर को रोका जा सके

एजेंसी/नई दिल्ली

चीन समेत कई देशों में कोरोना के बेकाबू होने के बाद भारत में भी वायरस से बचाव के उपाय तेज कर दिए गए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअली कोविड-19 की स्थिति और तैयारियों के संबंध में देश भर के लगभग 100 डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सदस्यों के साथ वर्चुअल बातचीत की। इसके अलावा मंगलवार को देश के कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल भी होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देशभर के करीब 100 पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट और चिकित्सकों से कोविड-19 प्रबंधन के संदर्भ में बातचीत की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को पूरे देश में सभी कोविड अस्पतालों में एक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसमें सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री भी अपने स्तर पर हिस्सा लेंगे।

डॉ. मांडविया ने आईएमए के सदस्यों के साथ वर्चुअल बातचीत में अटकलों से दूर रहने और जनता के साथ केवल सटीक जानकारी शेयर

करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे नागरिक सलाह के लिए हमारे कोविड योद्धाओं की ओर देखते हैं और हाल ही में वैश्विक स्तर पर कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण, यह हमारे विशेषज्ञों की जिम्मेदारी बन गई है कि वे सही जानकारी शेयर करें ताकि अफवाहों, गलत धारणाओं और डर को रोका जा सके।

बूस्टर डोज लेने का आग्रह किया: उन्होंने कोविड-19 डेटा, टीकाकरण कार्यक्रम और सरकारी प्रयासों की वर्तमान स्थिति के बारे में नागरिकों जागरूक करके कोरोना के डर को कम करने पर जोर दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 'टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण' और

- आज देश के सभी कोविड अस्पतालों में कोरोना से बचाव की तैयारियों की होगी मॉक ड्रिल
- लोगों से कोरोना से बचाव के लिए एहतियात कदम उठाने की अपील की

कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने व बूस्टर डोज लेने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल इसी तरह हम निरंतर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से अब तक किए गए लाभों को संरक्षित करने में सक्षम होंगे।

मॉक ड्रिल से कमी पूरी करने में मिलेगी मदद: मंगलवार के लिए प्रस्तावित मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि इस महामारी के प्रबंधन के अपने पिछले अनुभव के आधार पर, हम कई अभ्यास कर रहे हैं। ऐसा ही एक मॉक ड्रिल है जो मंगलवार को देश भर में होगा। इस तरह के अभ्यास हमारी परिचालन तत्परता में मदद करेंगे, यदि कोई कमी है तो उसे पूरा करने में मदद मिलेगी और इसके परिणामस्वरूप हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया मजबूत होगी।

गया पहुंचे 11 विदेशी कोरोना पॉजिटिव मिले

गया। बिहार के गया जिले में कोरोना ब्लास्ट हुआ है। गया एयरपोर्ट पर की गई आरटीपीसीआर जांच में 11 विदेशी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। एक साथ 11 विदेशी कोरोना पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है। आरटी-पीसीआर जांच में सभी के पॉजिटिव पाए जाने के बाद सभी को आइसोलेट कर दिया गया है। बताया जाता है कि जो कोरोना पॉजिटिव मिले हैं, वे इंग्लैंड और थाइलैंड के हैं। दरअसल कोरोना को लेकर गया एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। इसी दौरान जांच में 11 विदेशी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सभी को बोधगया में एक होटल में आइसोलेट किया गया है। दरअसल गया में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा का कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में कई देशों से विदेशी श्रद्धालु बोधगया पहुंच रहे हैं। दलाई लामा तिब्बती बौद्ध मोनेस्ट्री में ठहरे हुए हैं। यहां दलाई लामा 1 महीने के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 29, 30 और 31 दिसंबर को कालचक्र मैदान में टीचिंग कार्यक्रम किया जाएगा।

लालू प्रसाद से जुड़े एक केस को दोबारा खोलेगी सीबीआई

पटना। सीबीआई ने राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक केस को दोबारा खोलने का फैसला किया है। सीबीआई ने 2018 में लालू यादव के खिलाफ रेलवे प्रोजेक्ट आवंटन मामले में भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद शुरू किया था। आरोप था कि लालू ने यह गड़बड़ियां यूपीए सरकार में रेलवे मंत्री रहने के दौरान की थीं। इस मामले में सीबीआई ने मई 2021 में जांच बंद कर दी थी। तब रिपोर्ट्स में सामने आया था कि सीबीआई को लालू के खिलाफ आरोपों पर पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। इस मामले में लालू के अलावा उनके बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और उनकी बेटी चंदा यादव के खिलाफ भी जांच बिठाई गई।

इस मामले में कहा गया था कि लालू यादव ने रेलवे के प्रोजेक्ट्स निजी कंपनी को देने के एवज में दक्षिणी दिल्ली की एक प्रॉपर्टी रिश्वत के तौर पर हासिल की थी। आरोप था कि इस निजी कंपनी ने एक शेल कंपनी के जरिए प्रॉपर्टी काफी कम दाम में खरीदी और फिर इस शेल कंपनी को लालू के संबंधियों ने महज चार लाख रुपए में खरीद लिया। बदले में दक्षिण दिल्ली का बंगाल बिहार में जदयू और राजद गठबंधन लगातार केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाता रहा है।

तुष्टीकरण की राजनीति कर रही जदयू : नित्यानंद

केटी न्यूज/पटना

केंद्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानन्द राय ने सोमवार को महागठबंधन के नेताओं पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रहे महागठबंधन के नेताओं से पूछा कि क्या हिंदुओं को गाली देना ही धर्मनिरपेक्षता है। नित्यानंद राय ने कहा कि बीजेपी की नीति तो सर्वधर्म समभाव की रही है, जिसमे सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सही अर्थों में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ सभी धर्मों का सम्मान करना है। उन्होंने कहा भाजपा की नीति सर्वधर्म समाज की रही है और भाजपा सभी धर्मों का सम्मान करती है।

नित्यानंद राय ने कहा कि आरजेडी वाले बीजेपी को दंगाई कहते हैं। दरअसल आरजेडी एक खास समुदाय के वोट को हासिल करने के लिए ऐसी बातें करती है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि ऐसे ही तुष्टीकरण की वजह से 1947 में देश का बंटवारा हो गया था। उन्होंने कहा कि सब कुछ जानते हुए भी अब नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड भी उसी मुस्लिम वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर चुकी है। अब तो जनता दल यूनाइटेड का तुष्टीकरण, आरजेडी को भी पीछे छोड़ रहा है।

अटल जी की 5 कविता पढ़िए नीतीश जी ज्ञान हो जाएगा : पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिए बयान पर भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कुमार खुद को अटल बिहारी वाजपेयी का करीबी बताते हैं तो, उन्हें अटल जी के मार्ग पर ही चलना चाहिए था। लेकिन उन्होंने अटल जी का मार्ग छोड़ दिया, भ्रष्टाचारियों के सांठगांठ कर सरकार का गठन कर लिया। अगर नीतीश पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पांच कविताओं को पढ़ लेंगे तो उन्हें ज्ञान हो जाएगा।

उप्र में ऐतिहासिक पहल: अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम लागू

अब एक क्लिक पर मिलेगी मरीज की सारी जानकारी

एजेंसी/लखनऊ

26 दिसंबर 2022 का दिन उप्र के लिए ऐतिहासिक रहा। ऐतिहासिक इस वजह से क्योंकि इस दिन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी गई। इस दिन राज्य के सभी अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम लागू कर दिया गया। इससे अब मेडिकल कालेजों में अब ऑनलाइन बेड पंजीकरण, डॉक्टर, आईसीयू और ऑपरेशन की बुकिंग की सुविधा मिलेगी। सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसकी औपचारिक शुरुआत करते हुए इस व्यवस्था से बड़े बदलाव आने की बात कही। इस पहल से जांच रिपोर्ट ऑनलाइन होने के बाद डॉक्टर अपने कंप्यूटर से ही रिपोर्ट देख सकेंगे।

इसके लागू होने के बाद प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों, राजकीय संस्थानों, स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में पेपरलेस व्यवस्था को लागू किया जा सकेगा। पहले चरण में इसे गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज, झांसी, मेरठ, कानपुर और आगरा स्थित मेडिकल कॉलेज में लागू किया गया। फिर प्रदेश के 36 कॉलेजों को जोड़ा जाएगा। कॉलेजों में ई हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू करने की तैयारी हैं।

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की औपचारिक शुरुआत
- पहले चरण में गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज, झांसी, मेरठ, कानपुर, आगरा में लागू

नर्सिंग कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता को कर रहे बेहतर: उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुभारंभ के मौके पर कहा कि नर्सिंग कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता को हम बेहतर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 22 राजकीय मेडिकल कालेजों में ई-सुश्रुत हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम की शुरुआत की गई है। इस सिस्टम को विकसित करने वाली एजेंसी सी-डेक के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट का हस्तानांतरण भी किया गया है। ई-सुश्रुत एचएमआईएस सॉफ्टवेयर से रोगी पंजीकरण, भर्ती, डिस्चार्ज, एम्बुलेंस, खाना, दवाईयां, चिकित्सकों का विवरण, उपलब्धता ऑनलाइन होगी। मिशन निरामया लागू किया है। नर्सिंग कालेजों की पढ़ाई में पारदर्शिता बरती जा रही है। सभी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल कॉलेज भी होंगे।

नई व्यवस्था लागू होने से अस्पतालों के प्रबंधन, कार्यप्रणाली में सुधार होगा। वहीं मरीजों को एक यूनीक आईडी नंबर मिलने से उनसे जुड़ी सारी जानकारी अस्पताल में दर्ज होगी। रोगियों के दोबारा अस्पताल आने पर केस हिस्ट्री और जानकारी अस्पताल में पहले से दर्ज होने से मरीजों को राहत मिलेगी।

खबरें फटाफट

जमीनी विवाद में हिंसक झड़प, 8 घायल

भभुआ। जिले के पानापुर दसौती में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। लाठी डंडा के साथ गोली भी चली। दोनों पक्ष से कुल 8 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया, जिसमें 2 लोगों की हालत नाजुक बनी है। जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्ष द्वारा थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में कई बार पहुंचा गया, लेकिन निदान नहीं निकला। जिसके बाद दोनों पक्षों से आज हिंसक झड़प हो गई। घटना की सूचना एक पच्छ द्वारा मोहनिया थाने को दी गई। जहां अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचकर थाना द्वारा सभी घायलों का बयान दर्ज किया जा रहा था। घायलों में एक पक्ष के मंजीत, गल्लू, शुक्र, जितेंद्र और जीतबंधन खरवार शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष के मनीष कुमार खरवार और दो अन्य घायल हैं। घायलों ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहनिया थाना के पनापुर दसौती में काफी दिनों से जमीन का विवाद चला रहा है।

होमगार्ड जवान की मौत

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के नवादा थाना में रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक जवान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव निवासी स्व.राम लायक सिंह के 58 वर्षीय पुत्र मैनेजर सिंह थे। वह होमगार्ड पुलिस में जवान थे एवं वर्तमान में नवादा थाना में करीब एक वर्ष से कार्यरत थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद वह थाने में ही सोए हुए थे। उसी दौरान रविवार की मध्यरात्रि करीब 3 बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

कोविड संक्रमण: जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में की जायेगी मॉक ड्रील, होगा मूल्यांकन

केटी न्यूज/आरा

- संभावित कोविड संक्रमण प्रसार के मद्देनजर लिया गया निर्णय
- सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

चीन सहित विश्व के कई देशों में कोविड-19 संक्रमण का फिर से विस्तार हो रहा है। इसकी दस्तक भारत में भी हो गयी है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट मोड में सुरक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी लोगों को संक्रमण से सुरक्षा के लिए बचाव के साधन के उपयोग का निर्देश दिया जा रहा है। लोगों से कोविड-19 टीका के प्रीकॉशन डोज लगाने की अपील भी की जा रही है, जिससे लोगों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके और कोविड के संक्रमण से वह सुरक्षित रह सकें।

जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में की जायेगी मॉक ड्रील : कोविड संक्रमण के एक बार फिर वैश्विक विस्तार के खतरे को देखते हुए राज्य एवं केंद्र सरकार अलर्ट मोड में है। राज्य में कोविड जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, केंद्र सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि मंगलवार को राज्य सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मॉक ड्रील का आयोजन किया जायेगा जिससे संक्रमण से निपटने की तैयारी का आकलन किया जा सके। इस संदर्भ में सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को पत्र जारी कर अपने अपने राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मॉक ड्रील आयोजित करने का निर्देश दिया है। इस बाबत राज्य स्वास्थ्य समिति के माध्यम से पत्र जारी कर भी निर्देश दिए गए हैं।



इन मानकों का होगा मूल्यांकन

- पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता
- चिकित्सीय संस्थानों में उपलब्ध बेड की क्षमता जिसमें आईसीयू बेड, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन की सुविधा वाले आइसोलेशन बेड एवं वेंटिलेटर सपोर्ट वाले बेड।
- चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की समुचित उपलब्धता
- रेफरल सुविधाओं की स्थिति जैसे एम्बुलेंस सुविधा आदि
- कोविड संक्रमण की जांच हेतु सभी जरूरी उपकरण एवं सुविधाएँ
- सभी जरूरी उपकरण व टेलीमेडिसिन सुविधाओं की उपलब्धता
- संस्थान में ऑक्सीजन उपलब्धता की व्यवस्था

विभिन्न मानकों का होगा मूल्यांकन : जारी पत्र में बताया गया है कि मॉक ड्रील का आयोजन जिला पदाधिकारी की निगरानी में किया जायेगा। जिला के वरीय स्वास्थ्य अधिकारी भी इसमें जिला पदाधिकारी का सहयोग करेंगे। मॉक ड्रील के दौरान विभिन्न मानकों का मूल्यांकन कर संभावित कोविड संक्रमण से निपटने के लिए तैयारी की समीक्षा की जायेगी।

कोविन पोर्टल पर जानकारी होगी अपलोड : जारी पत्र में निर्देशित है कि स्वास्थ्य पदाधिकारियों के सामंजस्य से जिला मूल्यांकन पदाधिकारी सभी चिकित्सीय संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का आंकड़ा मंगलवार 27 दिसंबर की संध्या तक अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

फाइलेरिया से निपटने के लिए लोगों को व्यापक स्तर पर किया जाएगा जागरूक

2030 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध: डीवीडीसीओ

- प्रखंडों में खुली एमएमडीपी क्लिनिक की होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- मरीजों के नियमित फॉलोअप के लिए फ्रंटलाइन वर्कर्स

केटी न्यूज/बक्सर

जिले से फाइलेरिया को पूरी तरह खत्म करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने भी वर्ष 2030 तक फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्य को गति दी जा रही है। हालांकि, फाइलेरिया उन्मूलन में एमडीए एवं एमएमडीपी (रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम) की भूमिका सबसे अहम होती है। एमडीए की सहायता से रोग की रोकथाम एवं एमएमडीपी की सहायता से हाथीपांव का प्रबंधन किया जाता है। फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रखंड स्तर पर एमएमडीपी क्लिनिक स्थापित की जा रही हैं। ताकि, फाइलेरिया के मरीजों को किट के वितरण के साथ उन्हें हाथीपांव से जल्द उबरने के लिए किट का इस्तेमाल, व्यायाम के साथ उनकी नियमित फॉलोअप किया जा सकेगा। फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एमएमडीपी क्लिनिक मिल का पत्थर साबित होगी।

एमएमडीपी क्लिनिक में आए फाइलेरिया मरीज

दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है फाइलेरिया : जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, फाइलेरिया दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। इस बीमारी में किसी भी आयु वर्ग में फाइलेरिया के संक्रमण द्वारा शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन हो जाती है, जिसके कारण चिरकालिक रोग जैसे, हाइड्रोसील (अंडकोष की थैली में सूजन), लिम्फेडेमा (अंगों में सूजन) और दूधिया सफेद पेशाब (काईलूरिया) से ग्रसित लोगों को भीषण दर्द के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। फाइलेरिया विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है। इस कारण फाइलेरिया प्रबंधन एवं उन्मूलन की दिशा में मरीजों को न्यूनतम पैकेज ऑफ केयर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें फाइलेरिया संक्रमण का उपचार, एक्यूट अटैक का उपचार, हाथीपांव का प्रबंधन एवं हाइड्रोसील की सर्जरी शामिल हैं।

मच्छरों से ऐसे करें बचाव

- रात या दिन में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें
- घर के अंदर एवं बाहर गंदगी नहीं होने दें
- मच्छरों से बचने के लिए शरीर के खुले अंगों पर मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें
- मच्छरों से बचने के लिए शरीर पर फुल स्लीव के कपड़े का इस्तेमाल करें
- बच्चों को घर बाहर खेलने जाने से पहले मच्छर रोधी क्रिम का इस्तेमाल करें

शरीर के कई अंगों में हो सकती है यह बीमारी : फाइलेरिया बीमारी लोगों को परजीवी क्यूलेक्स फैंटीगंस मादा मच्छर के काटने से होता है जो अन्य मच्छरों के जैसे ही लोगों को काट कर अपना शिकार बनाता है। यह मच्छर फाइलेरिया ग्रसित मरीजों को काटकर खुद संक्रमित हो जाता और उसके बाद दूसरे व्यक्ति को काटने पर उसे फाइलेरिया ग्रसित कर देता है। यह बीमारी शरीर के कई अंगों में हो सकती है। यह बीमारी मुख्य रूप से व्यक्ति के पैर या अंडकोष को प्रभावित करता है, जिसे लोग आमतौर पर हाथीपांव व हाईड्रोसील (अंडकोश का सूजन) कहते हैं। यह बीमारी महिलाओं के स्तन और जननांग को भी ग्रसित कर सकता है। इससे सुरक्षा के लिए लोगों को इसके प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। फाइलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच करवानी चाहिए। शुरूआत से इलाज करवाने से लोग फाइलेरिया ग्रसित होने से सुरक्षित रह सकते हैं।

एक नजर

खेसारी की बेटी पर अश्लील गाना बनाने वाला अरेस्ट, पंजाब के लुधियाना में छुपा था पंकज

सासाराम। भोजपुरी एक्टर-सिंगर खेसारी लाल यादव की बेटी को लेकर अश्लील गाना बनाने वाले पंकज सिंह को रोहतास पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। उसे पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया। रोहतास एसपी आशीष भारती ने आज इसकी पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने खेसारी लाल यादव का नाम नहीं लिया। एसपी के अनुसार भानस ओपी में नाबालिग पीड़िता ने बीते 3 दिसंबर को लिखित आवेदन दिया था। इसमें भानस ओपी के डोइयां गांव के निवासी नागेन्द्र सिंह के बेटे पंकज सिंह व एक अन्य को नामजद किया गया था। आरोप था कि इन्होंने नाबालिग लड़की का फोटो अश्लील गाने के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल किया। दरअसल, बीते नवंबर माह में यह विवाद सामने आया था। जानकारी के अनुसार एक कार्यक्रम में खेसारी लाल यादव के समर्थकों की एक खास जाति के लोगों से झड़प से हो गई। इसके बाद से ही खेसारी लाल यादव की बेटी को लेकर अश्लील गाने बनाए जाने लगे। एसपी ने बताया कि पूरा घटनाक्रम नवंबर माह के आखिर में हुआ था। नाबालिग के आवेदन के आधार पर पॉक्सो एक्ट एवं साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिक्रमगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम द्वारा अनुसंधान और छापेमारी की जा रही थी। लेकिन आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा था। इस क्रम में रोहतास पुलिस को जानकारी मिली कि वह पंजाब में छुपा हुआ है। विशेष टीम पंजाब गई और स्थानीय पुलिस के साथ लुधियाना में छापेमारी की। वहीं से पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पंकज सिंह ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसके आपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है।

बकाया पैसा मांगने गए अधिवक्ता पर हमला, गंभीर रूप से घायल तीन लोग इलाजरत

भभुआ। जिले के भभुआ थाना क्षेत्र के सीयो गांव के पास धान का बकाया पैसा मांगने गए अधिवक्ता बाला सिंह सहित उनके तीन भाइयों को राइस मिल मालिक ने लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया, जिसके बाद आसपास के लोगों द्वारा उन्हें उठाकर उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ में पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा था। दो भाइयों का हाथ टूट गया था, वहीं एक भाई का सर फट गया था, जिसके बाद अधिवक्ता बाला सिंह ने भभुआ थाने में मिलर और उसके लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। अधिवक्ता बाला सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सियो गांव के पास राइस मिल है, जहां पर धान का फसल बिक्री किया गया था। जब पैसा मांगने हम लोग गए तो मिलर द्वारा पैसा नहीं देने की नीयत से बकझक किया जाने लगा। फिर मिलर और उनके आधा दर्जन आदमियों द्वारा हाथों में लाठी, डंडा, लोहे की रॉड लेकर हम तीनों भाइयों के ऊपर हमला बोल दिया गया। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते तब तक उनके द्वारा हम लोगों के ऊपर हमला किए जाने से दो भाइयों का हाथ टूट गया है। वहीं एक भाई के सर में गंभीर चोट आई है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत व दूसरे की हालत गंभीर

भभुआ। जिले में तेज रफ्तार का कहर जारी है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, लेकिन लोग सबक नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्मनाशा पावर ग्रिड के समीप की है, जहां, एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है, जिसका दुर्गावती पीएचसी में इलाज के बाद हायर सेंटर बनारस रेफर कर दिया है। मामला दुर्गावती थाना क्षेत्र कर्मनाशा पावर ग्रिड के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दुर्गावती थाना क्षेत्र के खड़सरा गांव निवासी रामएकबाल कुशवाहा का पुत्र केतु लाल बताया गया है। जबकि घायल उसी गांव का डॉक्टर अरविंद कुमार कुशवाहा का पुत्र संदीप कुमार बताया गया है। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से अपने गांव खड़सरा से कर्मनाशा की तरफ जा रहे थे। तभी कर्मनाशा पावर ग्रिड के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जहां, घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची 102 एंबुलेंस की मदद से दोनों को दुर्गावती अस्पताल लाया। जहां, चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का दुर्गावती पीएचसी में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर बनारस के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया है।

अपनी गौरव गाथा को सामने लाकर भारत बनेगा विश्व गुरु : डॉ. महेंद्र

केटी न्यूज/सासाराम

भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के तहत बिहार के रोहतास जिला के अंतर्गत गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आज तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सोमवार को आरंभ हुआ। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने कहा कि यह संगोष्ठी भारत के प्राचीन गौरव और इतिहास को सामने लाने की कोशिश करेगा।

उन्होंने कहा कि अवधारणा किसी राष्ट्र, समाज, सोसाइटी, संस्कृति की अंतर चेतना से अनुभूति कराता है। किसी महापुरुष ने कहा था कि भारत भौगोलिक रूप से स्वतंत्र हुआ है लेकिन सांस्कृतिक रूप से नहीं। अब वह समय आ गया है, जिसके जरिए सांस्कृतिक आंदोलन को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संगोष्ठी में मौजूद इतिहासकार वंचित और तिरोहित नायकों को सामने लाने की कोशिश करेंगे। भारत की गौरव गाथा को सामने लाएंगे ताकि स्व की अवधारणा से भारत एक बार पुनः विश्व गुरु बन सके। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि अपने स्व को जागृत करके ही पुरातन संस्कृति एवं इतिहास को सही मायने में प्रस्तुत किया जा सकता है, जिस प्रकार से गैर हिंदू विचारधारा के लोगों द्वारा सैकड़ों वर्षों तक भारतीयों के संस्कृति को नुकसान पहुंचाने का काम किया है उसका प्रतिरोध अब जाकर शुरू हुआ है और कालांतर में यही प्रयास भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का सत्य संकल्प होगा।

कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण

उन्होंने कहा कि अभी देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन आने वाला सौवा साल कैसा हो इसे लेकर अभी से ऐसी तैयारियां चल रही है कि भारत विश्व गुरु के अपने सपने को साकार कर सके। कार्यक्रम को पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह एवं भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. देवी प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया। उद्घाटन सत्र कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ईश्वर चंद विश्वकर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने किया।

पैदल जा रहे मोटर मैकेनिक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

केटी न्यूज/आरा

आरा-पटना मुख्य मार्ग पर शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा के समीप सोमवार की रात अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रहे मोटर मैकेनिक को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी मैकेनिक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक धरहरा गांव निवासी स्व.शालिग्राम गोड़ का 35 वर्षीय पुत्र भरत गोड़ था। बताया कि उनकी पत्नी बच्चों के साथ मायके मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर बारा गांव गयी थी।

सोमवार की शाम वह उन्हें वापस लेकर अपने घर धरहरा गांव आए थे। देर रात वह सड़क पर घूमने निकले थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। उसके बाद उन्हें 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने उनके मोबाइल पर फोन किया, तो उनका फोन पुलिस ने रिसीव किया और उन्हें घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि मृत मैकेनिक अपने चार भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां सुखपति देवी, पत्नी गुड़िया देवी , पुत्र अमित प्रिंस और पुत्री खुशी है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अदभुत, अलौकिक भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ सुमंगलम कार्यक्रम

सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ में शामिल हुए लगभग पांच हजार श्रद्धालु

केटी न्यूज/जहानाबाद

- सुमंगलम में हजारों लोगों ने एक साथ सामूहिक सुंदर काण्ड का लयबद्ध तरीके से किया पाठ

महिला पुरुषों की टोली तेज कदमों से बढ़ती चली जा रही थी, कोई गांव से तो कोई शहर के मोहल्लों से आ रहा था लेकिन सभी की मंजिल गांधी मैदान ही था। प्रवेश द्वार पर सबको रामायण मंदिर जाकर पिछले चार वर्षों से अनवरत चल रहे अखण्ड यज्ञ एवं अखण्ड ज्योति के दर्शन के लिए और संकल्प के लिए अक्षत पुष्प लेने के लिए कहा जा रहा था। अखण्ड ज्योति का दर्शन कर, हाथ में अक्षत-पुष्प और सुन्दर काण्ड पुस्तक लेकर भक्त लोग गाँधी मैदान में आकर अपने अपने आसन पर बैठ रहे थे। उनमें एक अजब उत्साह दिख रहा था, एक श्रद्धा का वातावरण, एक भक्तिमय वातावरण जैसे स्वर्ग उत्तर आया हो गांधीमैदान में। मंच को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था, उस पर कई साधु संत विराजमान थे, मंच पर श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य और बोधगया से आए स्वामी परमतेज जी, भाजपा विधान पार्षद अनिल शर्मा, लोजपा नेत्री इंदू कश्यप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु

भजन की रसधारा में गोते लगाने लगे श्रद्धालु : लुधियाना से आए हरिपाल जी महाराज ने गणेश वंदना के साथ 'प्यारे गणपति आप को मेरा प्रणाम' भजन शुरू किया जब उन्होंने बजरंगबली के जयकारे लगाए तो सामने मैदान में हजारों श्रद्धालु हाथ उठाकर उनके पीछे बोल पड़े और उनके साथ भजन की रसधारा में गोते लगाने लगे। श्री चंद्रमौली पाठक जी ने भक्तों को हाथ में अक्षत और पुष्प रखवा कर संकल्प दिलवाया। ड्रोन कैमरा उनकी तस्वीरें कैद करने में लगा हुआ था। अवसर था सुमंगलम महाआयोजन का। ऐतिहासिक गांधीमैदान में तुलसी पूजन दिवस पर आयोजित सुमंगलम में हजारों लोगों ने एक साथ सामूहिक सुंदर काण्ड का लयबद्ध तरीके से पाठ किया गया। सुमंगलम के आयोजक और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य स्वामी राकेश जी ने हुलासगंज स्थान के प्रमुख स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज, मंचासिन अतिथियों का स्वागत किया।

सत्य सनातन संस्कृति का होता है प्रचार-प्रसार : भक्तजनों को आशीर्वचन देते हुए स्वामी हरेरामाचार्य जी ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में भक्ति, आत्मीयता, भाईचारा का संचार का संचार होता है और सत्य सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है। तत्पश्चात संस्कार टीवी के प्रसिद्ध भजन गायक हरिपाल आहूजा जी के स्वर के साथ उपस्थित भक्तजनों ने सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ किया। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य स्वामी राकेश जी ने सुमंगलम कार्यकम के दौरान महाशिवरात्रि के मौके पर सामूहिक सवा करोड़ ॐ नमः शिवाय जाप की घोषणा का उपस्थित भक्तजनों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत और समर्थन किया। सुमंगलम में स्थानीय गांधी मैदान के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट योगदान दिया।

खबरें फटाफट

सीओ ने दिलवाया जमीन पर कब्जा

डुमरांव। बक्सर व्यवहार न्यायालय के आदेश पर डुमरांव सीओ अंकिता सिंह ने सोमवार को नगर के वार्ड छह स्थित शक्ति द्वार रोड निवासी पुष्पा देवी को उनके जमीन पर कब्जा दिलवाया। पीड़िता पुष्पा ने ददन पासवान वगैरह पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा बक्सर कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था। कोर्ट के आदेश पर ही बतौर मजिस्टेज्ट सीओ ने पुलिस बल के साथ अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर पीड़िता को न्याय दिलवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद थी। हालांकि पुलिस को बल प्रयोग करने की जरूरत नहीं पड़ी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में जमीन विवाद संबंधित मामलों के निष्पादन में स्थानीय प्रशासन काफी सक्रिय हो गया है।

भूमि विवाद में हुई जमकर मारपीट

राजपुर। सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के त्रिलोचनपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर गुड्डू राय और श्री भगवान राय में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों से लाठी डंडे से एक दूसरे पर वार किया गया। जिसमें ज्योति देवी उम्र लगभग 25 वर्ष पति विजय बहादुर राय तथा अनिता कुमारी उम्र 22 वर्ष पिता श्री भगवान राय घायल हो गए दोनों घायलों का राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। दोनों पक्षों ने राजपुर थाना में एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

डुमरांव। स्थानीय पुलिस ने शहर के डुमरांव राजवाहा मार्ग से बाइक पर शराब लेकर जा रहे एक धंधेबाज को पकड़ने में सफलता पायी है। धंधेबाज मझरिया गांव का रहने वाला इंद्रजीत यादव बताया जाता है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो तलाशी के दौरान बाइक में छिपाकर रखे गये 42 पीस अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस की टीम ने धंधेबाज से कड़ी पूछताछ कर कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि एक धंधेबाज बाइक पर शराब लेकर खपाने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम नहर सड़क पर अपनी गतिविधि बढा दी. पुलिस को देखते ही शराब का धंधेबाज अपनी बाइक की रफ्तार तेज कर दी। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पकड़े गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

पारिवारिक फिल्म है सबकर दुलरूआ हवन, समाज को मिलेगा संदेशः डॉ रमेश

केटी न्यूज/बक्सर

- 30 दिसंबर को रिलीज हो रहा है परिवारिक भोजपुरी फिल्म सबकर दुलरुआ हवन
- फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे है कई स्थानीय कलाकार

भोजपुरी फिल्मों व गानों में फूहड़पन के इस दौर में 'सबकर दुलरूआ हवन' एक परिवारिक व सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़ा भोजपुरी सिनेमा है। यह फिल्म भलगरता से पूरी तरह से मुक्त तथा समाज को नई शिक्षा देने वाला है। उक्त बातें डुमरांव के चर्चित शिक्षाविद् व संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल के निदेशक सह इस फिल्म के निमार्ता डा रमेश सिंह ने इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में कही है। वे डुमरांव के निशा नगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को इस फिल्म के संबंधित जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आरएनएस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले भोजपुरी फिल्म सब कर दुलरवा हवन 30 दिसंबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में भोजपुरी फिल्म के महानायक कहे जाने वाले कुणाल सिंह के साथ कई चर्चित कलाकार नजर आएंगे। जिसमें बक्सर जिले के चर्चित पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर श्रीवास्तव उर्फ 'लाला' पंडित के रोल में दमदार अभियन भी किए है। इसके अलावे भी इस फिल्म में कई स्थानीय कलाकारों की सराहनीय भूमिका है।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते डॉ. रमेश सिंह व अन्य

फिल्म के निमार्ता डॉ. सिंह ने कहा कि हमारी भोजपुरी फिल्म सबकर दुलरवा हवन की बहुत ही प्यारी स्टोरी जो कि एक परिवारिक नोकझोंक और तानों-बानों से बनी हुई यह पूरी तरह फैमिली फिल्म है। फुल फैमिली पैक फिल्म जिसे आप अपने पूरे परिवार के साथ बैठकर इंजॉय कर सकते हैं। फिल्म की मेकिंग बहुत ही भव्य पैमाने पर की गई है। जिसकी शूटिंग मुंबई की खूबसूरत लोकेशन पर की गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भोजपुरी फिल्म की पूरी शूटिंग डुमरांव में ही की जाएगी तथा स्थानीय युवाओं को भी अभिनय का मौका दिया जाएगा। जिससे छिपी हुई प्रतिभा को उचित मंच मिले। फिल्म में नायक छोटू पांडेय व नायिका नीलू शंकर सिंह बहुत ही प्यारी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। जो आप सभी को बेहद पसंद आएगी। फिल्म का निर्माण आरएनएस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले हुआ है। जिसके निमार्ता डॉ रमेश सिंह, निर्देशक चंदन सिंह है। इस फिल्म की लाजवाब कहानी को सत्य प्रकाश मिश्र ह्लबैरागीह्ल ने लिखा है। संगीत साहिल खान, गीत प्यारे लाल यादव, सत्य प्रकाश मिश्र 'बैरागी', शेखर मधुर और मुकेश मिश्र व फिल्म में मनी सम्राट, हीरो जैक्सन ने इस फिल्म में अपनी दमदार अभिनय दिया है।

डॉ. सिंह ने कहा कि इस फिल्म के बाद लोग भोजपुरी में फूहड़पन के समावेश को छोड़ इसके मूल स्वरूप की तरफ लौटेंगे। यही इस फिल्म निर्माण का उदेश्य भी है। जबकि पंडित का रोल निभाने वाले पत्रकार रविशंकर ने कहा कि उनका प्रयास स्थानीय युवाओं के प्रतिभा को उकेरने तथा उन्हें भोजपुरी के मिठास को बचाए रखने के लिए प्रेरित करने का है।

मॉक ड्रीलः एसपी कर रहे सभी थानों व पुलिस अधिकारियों की तत्परता की समीक्षा

लूट की बड़ी वारदात की सूचना पर तुरंत हरकत में आई पुलिस, चला जांव अभियान

- काल्पनिक लूट की वारदात के आधार पर एसपी ने जांची पुलिसिंग
- जिले के सभी थाना क्षेत्र में घंटों चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार को पूरे जिले में पुलिस का एक्शन देखने लायक था। वाहन चेकिंग अभियान में लगी पुलिस न तो किसी का पैरवी सुनने को तैयार थी और न ही किसी परिचित पर रहम कर रही थी। ताबड़तोड़ चल रहे चेकिंग अभियान को देख सब कोई भौंचक था। हर कोई अचानक पुलिस के उखड़े हुए मिजाज तथा सड़क पर चल रहे चेकिंग अभियान का वजह जानना चाहता था। वजह तो पुलिस वाले भी जानना चाहते थे। दरअसल हुआ यूं कि अपराह्न 3:30 बजे अचानक से थाना में लगे वायरलेस शोर करने लगा। मैसेज पुलिस कप्तान का था। निर्देश सभी थानाध्यक्ष एवं ओपी प्रभारी के लिए था। जिसमें कहा गया था कि लूट की बड़ी वारदात हो चुकी है। जल्दी से वाहन जांच शुरू कर दें। सभी सीमाओं को सील करने का निर्देश था। एक तरफ लूट की बड़ी वारदात की सूचना तथा दूसरी तरफ एसपी साहब का निर्देश। पुलिस कैसे चुप बैठ सकती थी। चंद मिनटों में जिले के सारी पुलिस सड़क पर उतर वाहन जांच में लग गई। इस दौरान पुलिस वाले भी यह जानने के प्रयास में लगे रहे आखिर लूट कहां और किसके साथ हुई है। लूटी गई रकम क्या है।

वाहन जांच करते पुलिस कर्मीर

पुलिस वाले कभी दूसरे थाना में बैठे अपने मित्रों को फोन लगा रहे थे तो कोई सटीक जानकारी के लिए मीडिया के मित्रों से संपर्क साध रहे थे। एसपी साहब पत्रकारों को एक घंटे में सटीक जानकारी देने की बात कह आश्वस्त कर रहे थे। तब तक जिले के सभी थानाध्यक्ष तेज तर्रार पुलिसकर्मी डीआईयू टीम के अलावे दोनों अनुमंडल के डीएसपी सड़क पर डेढ़ घंटे तक मजबूती से डटे रहे।

आखिरकार राज से स्वयं पर्दा उठाते हुए एसपी नीरज कुमार सिंह ने दोनों डीएसपी को निर्देश दिया कि सभी पुलिसकर्मी थाना में वापस हो जाएं। क्योंकि लूट की वारदात पूरा कल्पनिक है। यह पुलिस के लिए मॉक ड्रील है। इस काल्पनिक सूचना से पुलिस के तत्परता की जांच की जा रही थी। इस सूचना पर किस थाने की पुलिस ने कितनी तत्परता दिखाई और कौन रहा फिसड्डी इसकी समीक्षा तथा जांच की जा रही है।

वहीं, विभागीय सूत्रों ने बताया कि कप्तान के इस काल्पनिक परीक्षा में बेहतर करने वाले को नए साल में थाना के रूप में बढ़िया गिफ्ट मिल सकता है। जबकि इस मॉकडील परीक्षा में फिसड्डी रहने वाले को निश्चित रूप से पुलिस लाइन का चक्कर काटना पड़ेगा। अलबत्ता एसपी ने इस काल्पनिक लूट की घटना के बदौलत यह संदेश जरूर दे दिया है कि पुलिस को हर समय तत्पर रहना होगा तथा टीम भावना के साथ काम करना होगा। एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भविष्य में कोई घटना होने पर थानाध्यक्ष सीधे कंट्रोल को सूचना देंगे तथा कंट्रोल के माध्यम से जिले के सभी थाना को सूचित किया जाएगा।

मिट्टी जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में ही करें उर्वरकों का प्रयोगः डीएओ

केटी न्यूज/बक्सर

- कृषि पदाधिकारी ने कहा-जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडार

जिले में उर्वरक की आपूर्ति पारदर्शी एवं सुगमतापूर्वक हो, इसके लिए कृषि विभाग सदैव तत्पर है। रबी मौसम में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयास जारी है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में जिले में तीन ईफको ई-बाजार कार्यरत है। जो राजपुर प्रखंड के त्रिकालपुर, नावानगर प्रखंड में नावानगर बाजार एवं कड़सर तथा डुमरांव प्रखंड के नया भोजपुर में अवस्थित है।

वहीं, बिस्कोमान का सेंटर ब्रम्हपुर प्रखंड के रघुनाथपुर, इटाढ़ी प्रखंड के इटाढ़ी बाजार, सिमरी, बक्सर प्रखंड के बाजार समिति में, राजपुर प्रखंड के धनसोई तथा चौसा प्रखंड के चौसा में कार्यरत है। साथ ही पैक्स, स्वावलंबी समिति व चयनित स्थानों में व्यापार मंडल है। जहां से किसान सुविधानुसार उर्वरक ले सकते हैं। विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी कृषि समन्वयक को उर्वरक निरीक्षक घोषित किया गया है। अगर कोई भी उर्वरक बिक्रेता कालाबजारी में संलिप्त पाया जाता है तो सम्बंधित पंचायत के कृषि समन्वयक सुसंगत धाराओं के अधीन कार्रवाई करेंगे।

डीएओ ने कहा कि उर्वरक बिकी करने वाले प्रतिष्ठान अपने दुकान पर डिस्प्ले बोर्ड लगाकर प्रतिदिन उर्वरक स्टॉक एवं एमआरपी को अंकित करेंगे, ताकि किसान सुगमतापूर्वक उर्वरक का कय कर सकें। अगर किसी भी विक्रेता के पास पौश मशीन में अंकित स्टॉक एवं दुकान में मौजूद वास्तविक स्टॉक में अंतर पाया जायेगा तो सम्बंधित विक्रेता पर कार्रवाई होना तय है जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत एमआरपी पर ही किसानों को एक उर्वरक उपलब्ध कराया जायेगा।

भाई के पैतृक जमीन का हिस्सा बेचने के मामले में गुहार लगाने थाना पहुंचे वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव थाना परिसर में सोमवार को एक अजीब मामला सामने आया। पैतृक जमीन के हिस्से को भाई द्वारा एक रिश्तेदार को बेचने की गुहार लेकर थाना पहुंचे 60 वर्षीय वृद्ध को थाना परिसर में ही हार्ट अटैक आ गया। जिससे वे थाना परिसर में अचेत हो गिर पड़े। परिजनों तथा पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें आनन फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक गौरीशंकर यादव उम्र 60 वर्ष पिता स्व घुरली यादव स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदन गांव के रहने वाले है। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए पुलिसकर्मियों की बेचैनी भी बढ़ गई थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के भाई उमाशंकर यादव ने पैतृक जमीन में से डेढ़ कट्ठा का भूखंड बाबूगंज इंगलिश गांव निवासी अपने रिश्तेदार शिवजी सिंह को बेच दी थी। इसी कारण दोनों पक्षों में लंबे समय से विवाद चल रहा था। जबकि शिवजी अपनी जमीन पर कब्जा जमाना चाह रहा था। गौरीशंकर यादव पहले से ही हार्ट के मरीज थे। थाना पहुंचने से पहले सुबह में गांव में ही पंचायती भी हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच तीखी नोंक झोक हुई। इस दौरान गौरीशंकर की तबीयत खराब हो गई। उनके घरवाले इलाज के लिए लेकर अस्पताल चले गए। वही उमाशंकर के पक्ष के लोग थाना पहुंच गए थे। प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें लेकर पटना जा रहे थे। लेकिन वे लोग जैसे ही थाना के पास पहुंचे तो देखा कि दूसरा पक्ष थाना में बैठ अपनी बात रख रहा है। इसके बाद गौरीशंकर तथा उसके परिजन भी अपना पक्ष रखने थाना में पहुंच गए। बातचीत के दौरान ही उन्हें हार्ट अटैक आ गया और अस्पताल ले जाने के दौरान ही उनकी मौत हो गई।

मृतक के दरवाजे पर मौजूद ग्रामीण

मामले में डुमरांव एसडीओ कुमार वैभव ने कहा कि बुजुर्ग की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हुई है। पहले से इस मामले में कोई आवेदन नहीं दिया गया था। पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है।

एक नजर

केसठ पोखरा टोला में वृद्ध का तालाब में उतराया शव, दो दिनों से घर से था लापता

केसठ। प्रखंड क्षेत्र के पोखरा टोला गांव स्थित एक तालाब से वृद्ध का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान स्थानीय गांव निवासी उमाशंकर पासवान उर्फ भुअर पासवान उम्र 60 वर्ष के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वे दो दिनों से घर से गायब थे। घरवालों द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा था। बावजूद उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। इसी दौरान सोमवार की सुबह पोखरा टोला के ग्रामीणों ने देखा कि तालाब में एक शव उतराया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय नावानगर थाना व पंचायत के मुखिया गामा पहलवान को दी। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया व नावानगर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को तलाब से बाहर निकलवाए। ग्रामीणों ने शव की पहचान हरिटोला निवासी उमाशंकर पासवान उर्फ भुअर के रूप में की। इसकी जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी वहा पहुंचे तथा शव को देख चिख पुकार करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दो दिनों से गायब थे। घरवालों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं लग पाया। सोमवार को उनका शव तालाब में उतराया मिला। मिली जानकारी के अनुसार मृतक उमाशंकर पैरालाइसिस के शिकार थे तथा उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। घटना के बारे लोग अनुमान लगा रहे है कि शौच के लिए तालाब किनारे गए होंगे और पैर फिसलने के कारण तालाब के गहरे पानी में डूब गए होंगे। वही नावानगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। वही सीपीआईएमएल के प्रखंड अध्यक्ष ललन प्रसाद ने बताया कि उमाशंकर हमारे पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनकी मौत से पार्टी को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

बाइक से टकराई नीलगाय, दो युवक जख्मी स्थिति गंभीर, प्राथमिक इलाज के बाद रेफर

डुमरांव। सोमवार की शाम कोरानसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर नीलगाय व बाइक की टक्कर में दो युवक जख्मी हो गए है। घटना अमसारी मोड़ से 50 मीटर उतर की है। टक्कर के बाद दोनों युवक खून से लथपथ जमीन पर गिर छटपटा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहा प्राथमिक इलाज के दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। संवाद संप्रेषण तक दोनों की हालत नाजूक बनी हुई थी। जख्मियों की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के गायघाटन निवासी राजू राय उम्र 40 वर्ष पिता अवधेश राय तथा आजाद राय पिता हृदया राय के रूप में की गई है। बताया जाता है कि राजू के कंधे में चोट लगी है जबकि आजाद के सर में चोट है तथा घटना के बाद से ही वह बेहोश हो गया है। उसकी हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। गौरतलब है कि डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर कोरानसराय टेढ़की पुल के बीच नीलगाय का आतंक बहुत अधिक है। नीलगाय के कारण अक्सर ही इस पथ पर सड़क दुर्घटनाएं होती है। कई लोग जान से हाथ भी धो बैठते है। बावजूद राज्य सरकार द्वारा नीलगायों के प्रबंधन का उपाय नहीं किया जा रहा है और न ही सड़क का बैरेकेटिंग ही कराया जा रहा है ताकी नीलगाय व अन्य आवारा पशुओं से लोगों की जान माल की रक्षा हो सके। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को भेज दोनों का इलाज करवाया जा रहा है। जबकि उनका इलाज करने वाले डाक्टरों ने दोनों की स्थिति चिंताजनक बताया है। इधर घटना के सूचना मिलते ही दोनों के परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गए थे।

मकई की भूसी के बीच छिपाकर रखी गई 75 पेटी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

सिमरी। सिमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के नियाजीपुर बाजार से गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप पर मकई के भूसी के बीच छिपाकर रखी गई 75 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने पिकअप को जब्त करने के साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली है। छापेमारी सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर के नेतृत्व में की गई थी। जिसमें सिमरी के साथ ही तिलक राय के हाता ओपी और रामदास राय के डेरा ओपी की पुलिस भी शामिल थी। हालांकि पुलिस की लाख मुश्तैदी के बावजूद तस्कर जनेश्वर मिश्र सेतु से कई किलोमीटर दूर नियाजीपुर तक पहुंच गए थे। गिरफ्तार तस्करों पहचान तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के तवक्कल राय के डेरा निवासी राहुल कुमार व नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर के सत्यनाराण प्रसाद के रूप में हुई है। गौरतलब है कि दियारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गंगा के रास्ते शराब की तस्करी की जा रही है। इस मामले की पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे है। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर उनके नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

सुमित्रा महिला कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, एक सप्ताह चलेगा आयोजन

व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है खेलः डॉ. अजित

- पहले दिन कबड्डी व बैडमिंटन में छात्राओं ने दिखाया दमखम

केटी न्यूज/डुमरांव

व्यक्तित्व के विकास के लिए खेलकूद भी जरूरी है। यह तन मन को स्फूर्त करने के साथ ही आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। उक्त बातें डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा ने सोमवार को स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में कही। अवसर था। कॉलेज स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन का। 23 दिसंबर से ही इसकी तैयारी व रिहर्सल चल रहा था। सोमवार से कबड्डी व बैडमिंटन के साथ एक सप्ताह तक चलने वाले खेल महोत्सव की शुरूआत की गई। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित कॉलेज कर्मियों व छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ने इस आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन को धन्यवाद दिया और कहा कि महिला शिक्षा में मील का पत्थर स्थापित कर चुके अनुमंडल के इस इकलौते महिला कॉलेज ने एनएसीसी व एनएसएस के साथ ही कबड्डी, बैडमिंटन, बॉलीबाल, खो-खो, एथलेटिक्स जैसे आउटडोर गेम के लिए भी छात्राओं को प्रेरित कर उनके कैरियर व मनोबल को काफी उंचा उठाया है।

प्रतियोगिता का उदघाटन करते विधायक

कबड्डी खेलती खिलाड़ी

इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ शोभा सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सर्दियों में इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इससे छात्राओं में प्रतिस्पर्द्धा की भावना जगती है तथा कई छात्राएं विश्वविद्यालय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शिरकत कर कॉलेज का मान बढ़ा चुकी है। इस मौके पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य डॉ. विनोद सिंह, बिहार राज्य कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष शशि कुमार राय, विधायक प्रतिनिधि संजय शर्मा, प्रो. अजीत सिंह, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो. शैलेश कुमार, प्रो. अर्चना, प्रो. अमृता, प्रो. मीरा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीकांत सिंह और वरीय सदस्य डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने किया।

छोटी खबरें

विद्युत स्पशार्घात से अधिवक्ता की मौत

मऊ। जनपद के रतनपुरा प्रखंड के अईलख ग्राम पंचायत निवासी युवा अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह 35 वर्ष की निजी नलकूप पर विद्युत स्पशार्घात के चलते दर्दनाक मौत हो गई। रविवार की देर शाम अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह घर के पास निजी नलकूप पर गए थे। जहां वो विद्युत के संपर्क में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुए इस घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। पहले तो लोगों को कुछ समझ में नहीं आया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। लेकिन, चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, इस खबर से गांव में मातम का माहौल बन गया।

हथियार के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

मऊ। लूट के इरादे से आ रहे हिस्ट्रीशीटर को जनपद की सीमा पर पुलिस ने धर दबोचा। बताया जाता है कि रविवार की देररात हलधरपुर थाने के उपनिरीक्षक चंद्रदेव यादव जनपद की सीमा पर गश्त पर थे। उसी समय अपाची बाइक से तेज गति से आता एक व्यक्ति दिखाई दिया। उपनिरीक्षक ने टॉर्च की रोशनी फेंक कर जब उसे रुकने का इशारा किया, तो अपनी बाइक पीछे मोड़कर तेज गति से भागने लगा। लेकिन, तेज गति के कारण असंतुलित होकर सड़क के किनारे गिर गया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली, तो वह थाने का हिस्ट्रीशीटर जमदरा इकूटहवा निवासी राहुल यादव निकला। उसके पास से 315 बोर का एक अदद तमंचा और अवैध कारतूस मिले। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में चालान कर उसे जेल भेज दिया।

मोबाइल टेस्टिंग लैब से हुई खाद्यान्नों की जांच

मऊ। जनपद में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा मोबाइल टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन भेजी जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी इस टेस्टिंग लैब वैन के साथ विभिन्न तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर सामानों की गुणवत्ता की जांच की और लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जो भी खाद्य पदार्थ है, उसे आम जनमानस एवं दुकानदार उस लैब में ले जाकर टेस्ट करा सकते हैं। यह टेस्टिंग वैन जगह जगह चौराहों पर जाकर दुकानदारों के खाद्य पदार्थों की जांच की। सोमवार को यह टेस्टिंग लैब वैन बकवल मोड़, बढ़वा गोदाम, पीपरीडीह, काझा तथा चिरैयाकोट में जाकर कार्यक्रम की समाप्ति हुई।इन स्थानों से टीम द्वारा मिठाई के 25 नमूने लिए गए। जिसमें 15 नमूने सही पाए गए। इसी प्रकार मसाला, बेसन, तेल के 15 नमूने लिए गए जो सभी सही पाए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामानंद एवं दिनेश राय रहे।

शुरू हुआ खेल: नकल के लिए चर्चित विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने में जुटे शिक्षा माफिया

- रसड़ा क्षेत्र के समाजसेवी ने माध्यमिक विद्यालय के महानिदेशक को पत्र भेज की शिकायत
- परीक्षा से पूर्व बोर्ड की बिकनी शुरू हो गई थी सादी कापियां, अधिकारियों ने किया इन्कार

तिलक कुमार/बलिया

उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा परीक्षा की शुचिता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र बनना शुरू हो गया है। अभी से परीक्षा की शुचिता को तार-तार करने की योजना में नकल माफिया भी सक्रिय होकर दागी विद्यालयों को केंद्र बनवाने में जुट गए हैं। नकल के लिए विख्यात जनपद का नगरा, भीमपुरा, बेल्थरारोड क्षेत्र 2022 में चचाओं के केंद्र में रहा। इसके बावजूद महकमा क्षेत्र के दागी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाने में मशगूल है। 2017 में जिस विद्यालय पर परीक्षा से पूर्व पर्चा काटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम कराया था। उसे भी केंद्र बनाए जाने पर चचाओं का बाजार गर्म है।

यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 में नगरा, भीमपुरा, बेल्थरारोड, रसड़ा क्षेत्र में परीक्षा से पूर्व बोर्ड की सादी कापियां बिकनी शुरू हो गई थी। खबर छपने के बाद शिक्षा महकमा मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद परीक्षा शुरू होते ही प्रश्नपत्रों की हल कॉपी और पेपर क्षेत्र में वायरल होने लगा। परीक्षा की सुचिता को ध्यान में रखते हुए अखबारों में खबर छपी तो प्रशासन बौखला उठा और अपनी कमियां छिपाने के लिए आनन-फानन में मुकदमा कायम कर तीन पत्रकारों सहित पांच दर्जन लोगों को जेल भेज दिया। इस सब के बाद भी वर्ष 2023 की यूपी बोर्ड परीक्षा की सुचिता को लेकर के डीआईओएस कार्यालय गंभीर नहीं है।

यूपी बोर्ड परीक्षा 2017 में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने नगरा क्षेत्र के देवरिया स्थित बाबू जी शिवसागर राम प्रजापति इंटर कॉलेज पर इंटर रसायन द्वितीय प्रश्न पत्र परीक्षा से पूर्व लिफाफा खुला होने का आरोप लगा कर नगरा थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया था। उसे भी परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर परीक्षा की सुचिता को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। जबकि शासनादेश है कि जिन विद्यालयों पर प्रश्नपत्र की चोरी व गोपनीयता भंग करने का आरोप हो परीक्षा केंद्र नहीं बनाये जाएं। केंद्र बनाए जाने पर रसड़ा क्षेत्र के समाजसेवी राकेश सिंह ने माध्यमिक विद्यालय के महानिदेशक लखनऊ को पत्र भेज कर शिकायत भी की है।

दागी विद्यालय को सेंटर नहीं बनाया जाएगा। इस बार परीक्षा की सुचिता को बरकरार रखने के लिए सख्त व्यवस्था की जा रही है।

- रमेश कुमार सिंह, डीआईओएस, बलिया

प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने जाना कुपोषण व एनीमिया का प्रबंधन

किशोरावस्था में मानसिक, व्यवहारिक व यौन रूप से परिपक्व होने लगते हैं बच्चे

- राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का हुआ आयोजन
- नगर समेत नौ ब्लॉक के 400 किशोर किशोरियों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

केटी न्यूज/मऊ

कार्यक्रम में बच्चे का अन्न प्राशन करते सीएमओ

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत जिले के सभी नौ ब्लॉक व एक नगर समेत 10 इंटर कॉलेजों में सोमवार को दूसरा 'किशोर स्वास्थ्य मंच' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मंच के माध्यम से 400 किशोर किशोरियों को प्रतियोगिताओं के मध्यम से एनीमिया (खून की कमी) मुक्त भारत एवं सुपोषण अभियान के लिये प्रेरित किया गया, उनके प्रदर्शनों के आधार पर पुरस्कार से देकर सम्मानित भी किया गया, यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने दी।

सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने बताया कि किशोरावस्था (10-19 वर्ष) वृद्धि तथा विकास की एक महत्वपूर्ण अवस्था होती है। यह बाल्यावस्था से किशोरावस्था में परिवर्तन का समय होता है तथा इस अवस्था में शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन बहुत तीव्रता से होते हैं। इस अवस्था में किशोर-किशोरी मानसिक, यौन तथा व्यवहारिक रुप से परिपक्व होने लगते हैं। किशोर-किशारियों की समस्यायें विभिन्न प्रकार की होती हैं तथा उनके लिए जोखिम भरी परिस्थितियां भी अलग-अलग होती हैं। उदाहरण के लिए वे विवाहित एवं अविवाहित, स्कूल जाने वाले तथा न जाने वाले, गांव तथा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हो सकते हैं तथा यौन विषय पर उनकी जानकारी में भी अलग-अलग हो सकती है।

सीएमओ ने बताया कि प्रत्येक समूह की समस्यायें एक दूसरे से अलग हो सकती हैं। उनको समाज का ही एक विशेष अंग मानते हुए महत्व देना चाहिए। किशोरावस्था के दौरान हार्मोन परिवर्तन के कारण यौवनकाल की शुरूआत होती है। शारीरिक वृद्धि तेजी से होती है तथा दो तरह का यौन लक्षण प्रकट होता है। साथ ही मानसिक व भावनात्मक परिवर्तन जैसे कि स्वयं की पहचान बनाना, किसी प्रकार की रोक-टोक पसंद न करना, यौन इच्छा तथा विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण की भावना उत्पन्न होती हैं। इस अवस्था में वे परिवार के अतिरिक्त बाहरी लोगों के सम्पर्क में भी आने लगते हैं।

अपनी समस्याओं की चर्चा करने में करते हैं संकोच

एसीएमओ अधिकारी डॉ. बीके यादव ने बताया कि इस मंच से किशोरावस्था में उम्र बढ़ने के साथ होने वाले परिवर्तनों पर विस्तार से जानकारी दी गई। किशोर उम्र में लड़कियों व लड़कों दोनों में शारीरिक बनावट में बदलाव होता हैं। किशोर-किशोरी प्राय: अपनी समस्याओं तथा आवश्यकताओं के सम्बन्ध में अपने से अधिक उम्र के निकटतम लोगों जैसे माता-पिता, अध्यापक तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से चर्चा करने में संकोच महसूस करते हैं। इसमें उनके सम्बन्ध, उम्र, लिंग तथा सामाजिक व सांस्कृतिक परिस्थितियों बाधा बनती हैं। अपने जीवन के इस नाजुक मोड़ पर उनके पथ भ्रष्ट होने की संभावना अधिक होती है जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है और उनको कुपोषण, मादक पदार्थों का सेवन, कम उम्र में गर्भधारण, यौन शोषण, प्रजनन एवं यौन अगों में संक्रमण तथा एचआईवी जैसे समस्याओं व रोगों का सामना करना पड़ता है।

आरकेएसके कार्यक्रम के डीईआईसी मैनेजर अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि इस मंच के माध्यम से किशोर- किशोरियों को स्वस्थ जीवन के लिए सबको स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने की सीख दी गई। खाने में फास्टफूड से बचने, हरी पत्तेदार सब्जियों साग जैसे पदार्थो के सेवन के लिये बताया गया, किशोरियों व किशोरों को आयरन व फोलिक एसिड की टैबलेट वितरित करते हुए उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

दुर्गाजी इंटर कॉलेज चिऊटी डांड की अन्नू और शिवांगी ने कहा कि उनको पहली बार इस तरह की जानकारी मिली है। जो उनके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। महिला कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग काफी उत्साहित हैं। आगे भी ऐसे जागरूकता के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। ब्लॉक बडराव में श्री दुर्गाजी इंटर कॉलेज चिउटीडांड, दोहरीघाट में ब्लॉक चंद्रमौली शिक्षा धाम इण्टर कॉलेज कुरंगा, फतेहपुर ब्लॉक में गांधी इण्टर कॉलेज मारुफपुर, घोसी ब्लॉक में संत देवरावा उत्तर माध्यमिक कॉलेज मझवारा, ब्लॉक कोपागंज में अपर प्राइमरी स्कूल कुर्थी जाफरपुर, मोहम्मदाबाद ब्लाक में अपर प्राइमरी स्कूल सुराहुपुर, परदहा ब्लॉक में केएमके इंटर कॉलेज परदहा, रानीपुर में बालक बालिका इण्टर कॉलेज रामबन कुटी कांझा आदि स्कूलों में में मंचन हुआ।

चार दिनों से घर से लापता युवक का तालाब में मिला शव, मची सनसनी

केटी न्यूज/गाजीपुर

चार दिनों से घर से लापता युवक का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गहमर थाना क्षेत्र के सेवराई गांव के दलित बस्ती के बिहारी राम का बेटा मंटू राम बीते शुक्रवार की शाम घर से निकला, लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। जिसके बाद घरवालों को किसी अनहोनी की चिंता सताने लगी। आस-पास तलाश करने के बाद युवक का कहीं पता नहीं लगा। सुबह परिजनों द्वारा रिश्तेदारी व संभावित ठिकानों पर खोजबीन किया गया, लेकिन कहीं भी इसका पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना गहमर थाने को मौखिक रूप से गुमशुदा होने की दी गई।

सोमवार की सुबह बगल के गोड़सरा गांव के सिवान में स्थित तालाब में एक युवक का तैरता हुआ शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनों ने मंटू के शव की पहचान की। जिसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, चौकी प्रभारी राजेश कुमार गिरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

राज्यस्तरीय ताईक्वांडो में गाजीपुर के खिलाड़ियों ने 12 पदक पर जमाया कब्जा

केटी न्यूज/गाजीपुर

मेडल के साथ जनपद के खिलाड़ी

लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबु स्पोर्ट्स स्टेडियम सैदपुर में 22 से 25 दिसम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण सहित कुल 12 पदक जितने में सफल हुए।

गाजीपुर ताईक्वांडो टीम अन्य जनपदों की टीमों पर हावी रही और प्रतियोगिता में कई नॉकआउट बाऊट खेलते हुए सफलता हासिल की। टीम के कोच अब्दुल मलिक खांन ने बताया कि सब जूनियर बालक वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में यश प्रजापति स्वर्ण और प्रतीक मौर्या ने रजत पदक जीता। बालिकाओं में तेजश्विनी प्रजापति स्वर्ण व जाह्नवी बर्नवाल ने स्वर्ण पदक जीता। कैडेट बालकों में विजय यादव ने स्वर्ण तो विशाल यादव ने कांस्य पदक जीता। जूनियर बालिकाओं में खुशी मोदनवाल ने स्वर्ण तो मोनी पाल ने रजत पदक जीता। जूनियर बालकों में हर्ष सिंह रजत, तो विशाल कुमार ने कांस्य पदक जीता। सीनियर पुरुष वर्ग में ऋषि राय ने स्वर्ण और शुभम मिश्रा ने रजत पदक जीतकर जनपद को गौरवान्वित किया। गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जनपद वापसी पर सम्मानित किया जाएगा।

एक नजर

असामाजिक तत्वों ने आंबेडकर की प्रतिमा की क्षतिग्रस्त, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

गाजीपुर। जमानिया कोतवाली क्षेत्र के सब्बलपुर देवरियां चट्टी पर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का बाया हाथ, चेहरा, आंख और चश्मे को कुछ अराजकतत्वों ने रविवार की देर रात को क्षतिग्रस्त कर दिया।इसकी सूचना ग्रामीणों को सुबह होते ही लोग आक्रोशित होकर गाजीपुर जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतर गए। घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।सूचना मिलते ही रलदेवरिया चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुँचे और निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी विजय आनंद शाही और कोतवाली प्रभारी वंदना सिंह भी तत्परता के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इसकी जानकारी होते ही मौके पर एडीएम अरूण कुमार सिंह, एसपीआरए अभिषेक भारती, जमानिया एसडीएम भारत भार्गव, दिलदारनगर थाना प्रभारी व प्रशिक्षु सीओ शेखर सेंगर, एसओ प्रभारी रामाश्रय राय सहित कई सीओ सहित अन्य थानों की फोर्स मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटने के साथ ही मूर्ती की मरम्मत करा लोगों को समझा बुझाकर शान्त किया। बसपा के पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर धन्नजय मौर्या ने आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए एसडीएम को मौके पर तहरीर दी। इधर आलाधिकारियों की निगरानी में एसओजी ने पूरे मामले को अपने हाथ में लेकर छानबीन शुरू की, जिसमें सबसे पहले राजमार्ग किनारे लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी है। देवरिया चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार घटना के बाद से ही तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में लग गये थे। ग्रामीणों के साथ बसपा के पहुंचे पदाधिकारियों ने बताया कि यह दूसरी घटना है। कुछ वर्ष पहले भी इसी मूर्ती को क्षतिग्रस्त किया गया था।

10 किलो केक और 4 किग्रा वनस्पति को कराया नष्ट, लिए गए 12 नमूने

बलिया। क्रिसमस पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने के लिये खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल ने तीन दिवसीय सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से दस किलो केक एवं चार किग्रा वनस्पति नष्ट कराया गया। इसके अलावा सन्देह के आधार पर 12 नमूने लिये गये। सहायक आयुक्त औषधि द्वितीय डॉ वेदप्रकाश मिश्र ने सात सदस्यीय जांच दल का गठन किया और प्रभावी कार्यवाही करने व नमूना लेने का निर्देश दिया। जांच दल ने 23 से 25 दिसम्बर तक नगरा, डिहवा, बेल्थरा रोड, विजय सिनेमा रोड, फेफना, रसड़ा में निरीक्षण अभियान चलाया। प्रभावी कार्यवाही करते हुए जांच दल ने दस किलो केक एवं चार किलो वनस्पति नष्ट कराया गया। इसके अलावा सन्देह के आधार पर 12 खाद्य पदार्थों के लिये। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार, प्रेम कुमार यादव, अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव,चन्द्र प्रकाश यादव व खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने लिया गायत्री शक्तिपीठ परिसर में महायज्ञ की तैयारियों को जायजा

बलिया। गायत्री परिवार द्वारा एक जनवरी से आयोजित गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ की तैयारियों का जायजा सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने परिसर में स्थापित गायत्री माता की विधिवत पूजन अर्चन भी किया। तहसीलदार उपेंद्र चौरसिया को लेकर आए सिटी मजिस्ट्रेट ने गायत्री शक्तिपीठ के प्रभारी बिजेन्द्र नाथ चौबे से चार दिवसीय आयोजन की विधिवत जानकारी ली। एक जनवरी को आयोजित कलश यात्रा के मार्ग को विधिवत जाना। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि गायत्री परिवार के सभी सदस्यों को कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखने को भी कहा। नगर मजिस्ट्रेट ने परिसर गायत्री माता की प्रतिमा का विधिवत पूजन अर्चन भी किया। शक्तिपीठ प्रभारी बिजेंद्र नाथ चौबे ने तिलक लगाकर नगर मजिस्ट्रेट डॉ. सुरेश कुमार का परिसर में अभिवादन भी किया।

विवादित जमीन को लेकर दो पक्षों में तनाव

बलिया। विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने को लेकर दो समुदायों में तनाव की स्थिति है,हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विवादित निर्माण को रुकता दिया। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार अंजू यादव ने स्थिति को जस की तस रखने का निर्देश दिया है। कस्बे के बड़ी बाजार स्थित मस्जिद के सामने स्थित विवादित जमीन पर एक समुदाय द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि इस विवादित जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण न्यायालय के आदेश के खिलाफ है। द्वितीय पक्ष ने वर्ष 1982 का न्यायालय का आदेश का हवाला दे रहे है कि विवादित जमीन पर धार्मिक मेला लगाने के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से स्थाई रूप दोनों पक्षों को रोका जाता है। आदेश के बावजूद एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं, निर्माणकर्ता पक्ष द्वारा बताया गया की विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार की निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है। जिस जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा था, वह मस्जिद की पुराना कुआ है। तनाव की स्थिति को देखते हुए कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने दोनों पक्षों को संयम के साथ मामले को सुलझाने के साथ ही मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

भूमि के नए सर्किल रेट से मुआवजा नहीं मिलने के कारण आंदोलन की तैयारी में जनपद के किसान

ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस हाई-वे के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण शुरू

- गांव-गांव घूम कर किसानों से संपर्क कर किया जा रहा लामबंद
- नया सर्किल रेट अपग्रेड होने तक जमीन रजिस्ट्री नहीं करेंगे किसान

केटी न्यूज/गाजीपुर

'ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस हाई-वे' के लिए शासन द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण की जा रही है, उसे लेकर किसान लामबंद हैं। किसानों की यह मांग है कि हमें पुराने सर्किल रेट के बजाय सर्किल रेट को अपग्रेड करके नए सर्किल रेट के अनुसार जमीन का मुआवजा दिया जाए। इसे लेकर इससे प्रभावित होने वाले ज्यादातर किसान लामबंद होकर गांव-गांव घूम किसानों को जगाने तथा नया सर्किल रेट अपग्रेड होने तक जमीन रजिस्ट्री न किए जाने की बात कह रहे हैं।

इसके लिए किसान लामबंद होकर गांव-गांव घूम कर किसानों से संपर्क करने का काम किया। जिसके साथ किसान पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास मिलने वाले ग्रीन फील्ड के स्थान हृदयपुर शेखपुर से चलकर टिकारी, मानपुर, बाबू रायपुर, नसीरपुर, सुभाकर,चकाचन, महमूदपुर, थनईपुर होते हुए बरेजी, ककराबाद पहाड़ीपुर, देवनिया, परसा, राजापुर करीमुद्दीनपुर, लठ्ठूडीह, करकटपुर, बिशंभरपुर, पतार, भरौली, ताजपुर तक भ्रमण कर किसानों से संपर्क कर जब तक आप ग्रेड सर्किल रेट तय नहीं हो जाता तब तक जमीन की रजिस्ट्री ना किए जाने की बात कही।

टीम का नेतृत्व कर रहे विशंभरपुर गांव निवासी सिद्धांत राय ने बताया कि हम इस संबंध में प्रशासन से मिलकर जिलाधिकारी को अनेक बार पत्रक और व्यक्तिगत तौर पर अपनी बात रखते हैं लेकिन अभी तक ना ही प्रशासन के लोग और ना ही यूपी दा के अधिकारी इस पर कोई ठोस निर्णय ले रहे हैं जिसके चलते हम अब न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर हैं।

उन्होंने बताया कि दिनांक 13 सितंबर 22 को किसान संगठित होकर तत्कालिक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को पत्र दिया इसके बाद 28 सितंबर 2022 को वर्तमान जिलाधिकारी को पत्र दिया। इसके बाद भी जब सुनवाई ना हुआ तो पुणे 10 अक्टूबर को इस संबंध में पूर्व विधायक राजेंद्र यादव के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर इस संबंध में पत्र के माध्यम से अपनी आपत्ति जताई जिस पर प्रशासन के अधिकारी के द्वारा मात्र कोरा आश्वासन ही मिला जिस पर मजबूर होकर हम किसान अब माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने तथा न्यायालय की शरण में जाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि हम सब एकत्र होकर किसानों को साथ लेकर न्याय के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे। इस दौरान किसान एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार इंकार भरा। इस मौके पर प्रमुख रूप से विपिन प्रधान धनंजय प्रधान महेंद्र नाथ सिंह राजकुमार यादव रूपचंद्र प्रजापति नोखा टू कुशवाहा राधेश्याम यादव मुन्ना यादव प्रहलाद प्रधान महेश्वर गुप्ता उमाशंकर प्रजापति आशीष राय बृजेश राय आदि रहे।